मूल्य 1 रु.
वर्ष: 16 - अंक : 08, मुंबई, शनिवार, 2 मई, 2026 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## महाराष्ट्र दिवस पर शिवाजी पार्क से CM फडणवीस का संदेश

## 'मराठी सीखना जरूरी; लेकिन हिंसा नहीं'



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य में सभी लोगों को मराठी भाषा सीखना जरूरी है, लेकिन भाषा सिखाने के नाम पर हिंसा या भेदभाव को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कभी भी भाषा के नाम पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। हमारी कभी इतनी संकुचित सोच वाली मानसिकता नहीं रही। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भी हम सभी को यह संदेश दिया है। सीएम फडणवीस ने यह बात छत्रपति शिवाजी पार्क में एक मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन एक ऐतिहासिक जन आंदोलन था, जिसका मुख्य उद्देश्य मराठी भाषी लोगों के लिए मुंबई सहित एक एकीकृत महाराष्ट्र राज्य का गठन करना था। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस 'महाराष्ट्र धर्म की नींव रखी थी, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम सभी को काम करना है। सीएम फडणवीस का मराठी भाषा पर बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में ऑटो रिक्शा व टैक्सी चालकों के लिए 1 मई से मराठी भाषा अनिवार्य करने का ऐलान किया गया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## मुंबई RTO की बड़ी कार्रवाई



## 16 महीनों में 5506 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए मुंबई के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने एक व्यापक अभियान चलाया है। जनवरी 2025 से अप्रैल 2026 के बीच की गई इस सख्त कार्रवाई में कुल 5506 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। आरटीओ द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक कार्रवाई मुंबई सेंट्रल क्षेत्र में हुई, जहां 2587 लाइसेंस सस्पेंड किए गए। इसके बाद वडाला में 1,854, अंधेरी में 721 और बोरीवली में 344 लाइसेंसों पर गाज गिरी है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन चालकों पर की गई है जो बार-बार गंभीर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि नशे में गाड़ी चलाना, अत्यधिक तेज रफ्तार, रेड सिग्नल तोड़ना और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना लाइसेंस निलंबन के मुख्य कारण रहे है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## संजय गांधी नेशनल पार्क में बढ़े टिकट रेट




## भारी बढ़ोतरी पर रोक, बोरीवली नेशनल पार्क में नए शुल्क लागू

**मुंबई।** बोरीवली स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (नेशनल पार्क) में प्रशासन ने विभिन्न पर्यटन सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। संशोधित दरें 1 मई 2026 से लागू कर दी गई हैं। बढ़ते प्रबंधन खर्च और ऑनलाइन टिकट प्रणाली शुरू करने के लिए टिकट दरों का पुनर्नियोजन किया गया है, ऐसा प्रशासन ने स्पष्ट किया है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 और महाराष्ट्र वन्यजीव संरक्षण नियम 2014 के प्रावधानों के अनुसार अधिकारों का उपयोग करते हुए यह दर वृद्धि लागू की गई है। नए निर्णय के तहत मुख्य प्रवेश द्वार से प्रवेश के लिए भारतीय वयस्कों को अब 150 रुपये, जबकि बच्चों को 75 रुपये देने होंगे। विदेशी पर्यटकों के लिए यह शुल्क क्रमशः 450 और 225 रुपये निर्धारित किया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## मुंबई : अब छिप नहीं सकेगा नकली पनीर

### खाने में पारदर्शिता जरूरी; महाराष्ट्र में नया नियम लागू

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई महाराष्ट्र भर के रेस्तरां और भोजनालयों के लिए अब ग्राहकों को स्पष्ट रूप से यह बताना अनिवार्य है कि व्यंजनों में परोसा जाने बाला 'पनीर' ताजा व असली है या उसके स्थान पर वैकल्पिक रूप से किसी अन्य पनीर का इस्तेमाल किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 20 मार्च को जारी किया गया निर्देश गुरुवार से प्रभावी हो गया। यह निर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को पनीर के बजाय सस्ते गैर-डेयरी विकल्पों के उपयोग से गुमराह होने से बचाने के लिए जारी किया गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



**शिकायतों के बाद उठाया गया कदम**

पनीर पूरी तरह से दूध से बनता है। जबकि इसके विकल्प में 'चौज खाद्य तेलों, स्टार्च और इमानकावरकर उपयोग करके तैयार किया जाता है। हालांकि, ऐसे विकल्पों को असुरक्षित नहीं माना जाता है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि उभविताओं को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि उन्हें क्या परोसा जा रहा है। यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाया गया है कि कई प्रतिष्ठान ग्राहकों को सूचित किए बिना पनीर के विकल्प से बने पनीर आधारित व्यंजन परोस रहे थे। इस कदम का समर्थन करते हुए, मुंबई के कई भोजनालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले होटल एवं रेस्टोरेंट एससियान (पश्चिमी भारत ने कहा कि उसके नेतृत्व ने नियामक के साथ बाठवीत की है।

## हमारी बात

### भारत केवल आश्रित है!

**विश्व** आज गांव में गुंथा हुआ है! उस नाते हर देश एक-दूसरे पर निर्भर है, लेकिन खाड़ी युद्ध ने अहसास कराया है कि भारत हर चीज में दूसरों पर ही आश्रित है। वह जितना चीन पर आश्रित है उतना रूस पर है, उतना ही अमेरिका, यूरोप पर है तो पिद्दी सी खाड़ी के पिद्दी देशों पर भी बुरी तरह निर्भर है! शायद ही किसी को अनुमान रहा हो कि खाड़ी के देशों के पेट्रोल-डीजल-गैस के अलावा इनके बाय-प्रोडक्ट भारत की कई औद्योगिक गतिविधियों की अनिवार्यता हैं। प्लास्टिक और उसके सामान के लिए खाड़ी से सप्लाई, तो कपड़ा उद्योग के धागे यानी यार्न का उत्पादन भी खाड़ी पर निर्भर। औद्योगिक उत्पादन के लिए भी खाड़ी से अलग-अलग तरह की गैस सप्लाई आवश्यक। एक रिपोर्ट से मालूम हुआ कि दवा उद्योग (एपीआई-फार्मा) और दवाइयों के दाम बढ़ रहे हैं। इसलिए क्योंकि इसके लिए खाड़ी से तमाम तरह के रसायन, कच्चा माल चीन जाता है। फिर चीन से भारत का दवा उद्योग कच्चा माल (एपीआई) मंगाता है। उससे दवाएं बना भारतीय कंपनियां देश-विदेश, अफ्रीका आदि देशों को दवा बेचती हैं। पूरा कारोबार खाड़ी से प्रभावित है तो सभी तरफ दवाइयों के दाम बढ़ रहे हैं! सोचें, खाड़ी पर भारत ईंधन, कच्चे माल आदि में निर्भर है तो भारत का करेंसी भंडार खाड़ी में रह रहे भारतीयों, मजदूरों की मेहनत से आए डॉलर (कोई सौ बिलियन डॉलर प्रतिवर्ष, दुनिया में सर्वाधिक वैश्विक रिकॉर्ड) से जमा होता है। जंग के बाद खाड़ी में काम-धंधे ठप्प हैं। भारत का रुपया वैश्विक करेंसियों के आगे लुढ़क रहा है तो प्रवासी भारतीय भी अपनी इमरजेंसी के लिए पैसा बचाकर बैठे होंगे, या भारत लौट आएंगे। इसका असर करेंसी भंडार पर होगा। यों भी रुपया फिलहाल दुनिया की सर्वाधिक कमजोर करेंसियों में एक है। लड़ाई के बाद भारत सौ रुपए प्रति डॉलर की रेट की ओर भाग रहा था। समझ आई तो रिजर्व बैंक ने रुपए के भविष्य की सट्टेबाजी में संस्थाओं को पाबंद किया। कुछ दिन असर हुआ, लेकिन अब फिर सौ रुपए की तरफ बढ़ता लगता है। अगली मई तक न जाने क्या हो! खाड़ी से जहाजों-टैंकरों की आवाजाही जब तक बंद रहेगी, तब तक कच्चा तेल सौ डॉलर प्रति बैरल से ऊपर ही रहेगा। इस सप्ताह 127 डॉलर प्रति बैरल तक रेट गई। मोटामोटी लगता है कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल औसत पर रहेगा! इसी अनुपात में भारत के करेंसी भंडार पर दबाव रहेगा, रुपया कमजोर होगा। भारत में हर वह चीज महंगी होगी जो ईंधन-ऊर्जा से संबंधित है। हर वह सामान भी महंगा जो चीन, आसियान देशों से आता है।

# इंकलाब उर्दू अखबार का “जश्न-ए-इंकलाब” अवॉर्ड फंक्शन 2026 शानदार अंदाज़ में सम्पन्न

**संवाददाता/शोएब म्यानुंर**


**मुंबई।** मुंबई के ऑर्चिड होटल में 30 अप्रैल 2026 को मुल्क के नामवर उर्दू अखबार इंकलाब की जानिब से सालाना “जश्न-ए-इंकलाब” अवॉर्ड फंक्शन का भव्य आयोजन किया गया। इंकलाब, जो 1938 से लगातार अपनी पत्रकारिता की ख़िदमात अंजाम दे रहा है, आज भी उर्दू अदब और खबरों की दुनिया में एक अहम मुकाम रखता है। इस मौके पर अखबार के एडिटर साहीद लतीफ, विधायक अमीन पटेल, हारुन खान, सना मलिक, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज़ मच्छीवाला, यूथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रूटवाला, जॉइंट सेक्रेटरी यूसुफ मल्कानी, मुंबई के ज़ोनल सेक्रेटरी जावेद पारेख, धोराजी (सौराष्ट्र) के ज़ोनल सेक्रेटरी नौशाद गोडील, निज़ामुद्दीन राईन, सलीम सारंग, अजय पांडे सहित कई नामचीन बिजनेसमैन, राजनीतिक नेता और समाजसेवियों की गरिमामयी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान एडिटर साहीद लतीफ ने कहा कि आज हम उर्दू भाषा को भूलते जा रहे हैं, जबकि इसे बढ़ावा देना वक्त की ज़रूरत है। वहीं अजय पांडे ने उर्दू में ग़ज़ल पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि उर्दू एक बेहद प्यारी और मीठी जुबान है, जिसे ज़िंदा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। हारुन खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इंकलाब उर्दू ने मिड-डे (इंग्लिश) और गुजराती एडिशन को भी जन्म दिया है। उन्होंने बताया कि इंकलाब उर्दू अखबार न सिर्फ भारत में बल्कि यूके और अमेरिका जैसे देशों में भी पढ़ा जाता है। जो अहम खबरें टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित होती हैं, वही खबरें इंकलाब उर्दू में भी जगह पाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह अखबार पिछले 88 वर्षों से लगातार जनता तक खबरें पहुंचाने का काम कर रहा है। इस अवसर पर इंकलाब उर्दू अखबार की ओर से शहर के कई बिजनेसमैन और समाजसेवियों को अवॉर्ड से नवाज़ा गया। साथ ही एक ऐसी तंजीम को भी सम्मानित किया गया, जिसने पूरी दुनिया में मेमन कम्युनिटी को एक मंच पर लाने का काम किया है। ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के सदर इकबाल मेमन ऑफिसर, जो “वर्ल्ड मेमन डे” के बानी हैं, ने वैश्विक स्तर पर मेमन समुदाय को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई है। “वर्ल्ड मेमन डे” के मौके पर पूरी दुनिया में मेमन कम्युनिटी चैरिटी और समाजसेवा के बेहतरीन काम अंजाम देती है। इसी वजह से इसे “गरीबों की ईद” भी कहा जाता है। इंकलाब उर्दू अखबार की ओर से इस तंजीम को “आइकॉन ऑफ फिलान्थ्रॉपी” अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



# पांच साल के नन्हे छात्र मोहम्मद अबान अंजार आलम ने शुरू किया नाजरा क़ुरआन का मुक़द्दस सफ़र, मदरसा इसलाहे ईमानों अम्ल में रूहानी महफ़िल का आयोजन

**संवाददाता/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर भौआरा इलाके के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान मदरसा इसलाहे ईमानों अमल मौलाना अबुल कलाम आज़ाद नगर भौआरा में आज एक गौरवपूर्ण और रूहानी कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था के एक पांच वर्षीय होनहार छात्र मोहम्मद अबान अंजार आलम ने औपचारिक रूप से नाजरा क़ुरआन (क़ुरआन पाक को नाजरा करने) के पावन मार्ग पर अपने कदम रखे। इस मुबारक मौके पर मदरसा इसलाहे ईमानों अमल परिसर में एक सादगीपूर्ण मगर गरिमामयी 'रस्म-ए-इजरा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मदरसा इसलाहे ईमानों अमल के प्रिंसिपल मोहम्मद सालिम अबुल कलाम शकिल ईमानी मौलाना के हाथों हुई, जिन्होंने छात्र को क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत के साथ इस मुक़द्दस सफ़र का आगाज़ कराया। इस भावुक क्षण के गवाह बनने के लिए छात्र के अब्बा और परिवार के अन्य



वरिष्ठ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिजनों ने मदरसा के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे बच्चे के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल मोहम्मद सालिम अबुल कलाम शकिल ईमानी ने क़ुरआन की फ़ज़ीलत पर रौशनी डाली। अल्लाह ताला क़यामत के दिन क़ुरआन पढ़ने वाले से फरमाएगा कि जैसे तुम दुनिया में ठहर-ठहर कर तिलावत करते थे, वैसे ही आज पढ़ते जाओ और जन्नत की सीढ़ियां चढ़ते जाओ। तुम्हारी मंज़िल वहीं होगी जहाँ तुम्हारी आखिरी आयत मुकम्मल होगी उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि नाजरा क़ुरआन न केवल परलोक में कामयाबी का ज़रिया है, बल्कि यह इंसान के चरित्र और ज़हन को भी रौशन करता है। इस मौके पर बच्चे के उस्ताद समेत स्कूल के तमाम असातिज़ा और स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने एक स्वर में बच्चे के इस फैसले का स्वागत किया और उसकी लगन की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि इतनी कम उम्र में इस कठिन मगर बरकत वाले रास्ते को चुनना अल्लाह का खास करम है। कार्यक्रम के समापन पर मुल्क की सलामती, इल्म की तरक्की और नन्हे छात्र मोहम्मद अबान अंजार आलम के सुनहरे भविष्य के लिए सामूहिक दुआ की गई। मदरसा प्रशासन ने इस बात की प्रतिबद्धता दोहराई कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की नैतिक और धार्मिक परवरिश पर भी पूरा ध्यान देते रहेंगे।

# आर्थिकी के खोखे का सकंट काउंटडाउन!

अमेरिका-ईरान की जंग का आज साठवां दिन है। मैंने पहले दिन ही 'कितने सप्ताह, कितने महीने चलेगी लड़ाई' का सिनेरियो बताया था। उसके दो महिने बाद शुक्रवार सुबह ईरान के नए अयातुल्लाह का बयान था कि हमसे अमेरिका की 'शर्मनाक हार' हुई है। वहीं ट्रंप ने आगे के सैनिक ऑपरेशन के विकल्पों पर विचार किया तो होर्मुज खाड़ी की नाकेबंदी जारी रखने की घोषणा भी की। ट्रंप ने ईरान की संवर्धित यूरेनियम व मिसाइल उत्पादन क्षमता को मिटाने का उद्देश्य बताया। सो, तय है ट्रंप और ईरान अड़े रहेंगे। यूक्रेन-रूस के गतिरोध जैसी लंबी स्थिति। आज खबर थी कि पाकिस्तान ने ईरान के लिए दस सड़क रास्ते खोले हैं। (सोचें, चीन-रूस के कार्गो जो सकेंगे तो पाकिस्तान को ईरान से चुपचाप ईंधन सप्लाई भी संभव)। जाहिर है अमेरिका, ईरान, चीन और खाड़ी के देशों के बतौर पंच पाकिस्तान अपने हितों का ताना-बाना बुनता हुआ है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 / 9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# एनसीपीए में चार दिवसीय मराठी थिएटर महोत्सव

## 'प्रतिबिंब 2026' में समृद्ध कथा, नवोदित प्रतिभा व एक्सपेरिमेंटल परफॉर्मेंस का अनोखा संगम

**मुंबई।** नेशनल सेंटर फॉर ड्रामेटिक आर्ट्स (एनसीपीए) का 'प्रतिबिंब मराठी थिएटर महोत्सव 2026' एक बार फिर स्टेज पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। चार दिन का थिएटर महोत्सव 3 मई तक मनाया जाएगा। मुंबई में प्रायोगिक रंगमंच, टाटा रंगमंच व जेबीटी संग्रहालय में होने वाला यह फेस्टिवल दर्शकों को थिएटर एक्सपेरिमेंट, रीडिंग सेशन, वर्कशॉप और चर्चाओं का कई तरह का अनुभव देगा। 'प्रतिबिंब' को मराठी थिएटर को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सपोर्ट करने के मकसद से बनाया गया है और इस माध्यम से महाराष्ट्र की समृद्ध थिएटर परंपरा का एक असरदार विजन पेश किया गया है। अनुभवी और उभरते कलाकारों के पॉपुलर और एक्सपेरिमेंटल कामों का एक सुंदर मिश्रण यहां देखा जा सकता है।





एनसीपीए ) के थिएटर और फिल्म्स प्रमुख ब्रूस गुथरी ने कहा कि एनसीपीए के थिएटर कैलेंडर में रिफ्लेक्शन एक ज़रूरी हिस्सा बन गया है। मराठी थिएटर की रिच परंपरा का जश्न मनाने के साथ-साथ, यह फेस्टिवल इसके भविष्य के लिए एक गाइड भी है। यह उत्सव शनिवार, 2 मई को पूरे दिन चलने वाले शानदार अनुभवों के साथ जारी रहेगा। इसमें 'राइटर्स लैब - फ्रॉम आइडिया टू पेज' सत्र शामिल है, जिसे प्राजक्त देशमुख सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक टाटा थिएटर के एलिवेटर ब्लॉक में संचालित करेंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे एक्सपेरिमेंटल थिएटर में 'अरे संसार' का मंचन होगा, जो बहिणाबाई चौधरी की कविताओं को समर्पित एक संगीतमय और मौखिक श्रद्धांजलि है। शाम का समापन 7.00 बजे टाटा थिएटर में 'लग्न पंचमी' के साथ होगा। यह एक समकालीन मराठी नाटक है जो रिश्तों, साथ और आधुनिक विवाह की बारीकियों को गहराई से दर्शाता है। अंतिम दिन, रविवार, 3 मई को यह उत्सव प्रदर्शन और आत्म-चिंतन के साथ अपने जुड़ाव को और गहराई प्रदान करेगा। इस दिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जेबीटी म्यूजियम में अभय महाजन द्वारा 'बॉडी अवेयरनेस - मूवमेंट वर्कशॉप' आयोजित की जाएगी। दिन का सिलसिला दोपहर 3.00 बजे 'मग तू मला खा' (तो फिर, मुझे खा जाओ!) के साथ आगे बढ़ेगा। यह डिजिटल पहचान और शारीरिक छवि की एक मार्मिक पड़ताल है। इसके बाद शाम 5.30 बजे 'कवितेचा पान लाइव' का आयोजन होगा, जो मराठी कविताओं की एक इंटरैक्टिव और नए अंदाज में की गई प्रस्तुति है। उत्सव का समापन शाम 7.15 बजे टाटा थिएटर में 'करुणाष्टके' के साथ होगा। यह एक सशक्त ऐतिहासिक नाटक है जो स्त्रीत्व, शोक और विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहने की भावना को दर्शाता है। एनसीपीए में थिएटर और फिल्म्स के प्रमुख ब्रूस गुथरी ने कहा कि प्रतिबिंब अब एनसीपीए के थिएटर कैलेंडर का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। यह एक ऐसा उत्सव है जो न केवल मराठी थिएटर की समृद्ध विरासत का सम्मान करता है, बल्कि उसके भविष्य को भी बढ़ावा देता है।

# चोरी का माल सहित चोर गिरफ्तार

## कड़ेगाव पुलिस थाने की बड़ी सफलता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली/महाराष्ट्र।** तहसील कड़ेगाव के कड़ेगांव पुलिस स्टेशन और आटपाडी पुलिस स्टेशन की मिली-जुली कार्रवाई। कड़ेगांव तहसील के तुपेवाड़ी (खेराडे) के महादेव मंदिर से बारह किलो चांदी के गहने चुराने वाले चार चोरों को घटना के बारह घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ेगांव और आटपाडी पुलिस की एक टीम ने कड़ेगांव तहसील के तुपेवाड़ी खेराडे के महादेव मंदिर से चोरी किए गए चांदी के गहने बेचने के लिए आटपाडी आ रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 28 लाख 22 हजार 500 रुपये कीमत के 11 किलो 900 ग्राम चांदी के गहने जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों के नाम लक्ष्मण अण्णा चौगुले उम्र 29, गुड्डू



यंकप्पा जेडपे उम्र 30, परशुराम तिमान्ना इटकर उम्र 34, विधि संघर्ष गस्त बालक हैं, सभी बजरंग नगर विटा तहसील खानापुर जिला सांगली के रहने वाले हैं। तुपेवाड़ी खेराडे तहसील के कडेगांव में येरला नदी के किनारे महादेव मंदिर से चांदी के गहने चोरी हो गए। 28 अप्रैल रात 2 से 29 अप्रैल सुबह 6 बजे के आसपास अनजान चोरों ने घर में घुसकर चांदी के गहने चुरा लिए। तानाजी दामू गुजले की शिकायत के आधार पर कडेगांव पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। पुलिस सब-इंस्पेक्टर बी. एस. कांबळे मामले की जांच कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक तुषार दोषी ने प्रॉपर्टी क्राइम के आरोपियों को ढूंढने और प्रॉपर्टी के खिलाफ हुए क्राइम का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए थे। कडेगांव पुलिस ऑफिसर-इन-चार्ज असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर गणेश कोकाटे ने कडेगांव पुलिस स्टेशन से एक पुलिस टीम बनाकर उन्हें प्रॉपर्टी के खिलाफ हुए क्राइम का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए थे। केस दर्ज होने के बाद से ही क्राइम के अनजान आरोपियों को ढूंढने की कोशिश की जा रही थी, तभी गोपीनय खबर से जानकारी मिली कि बताए गए गहने आटपाडी में बिक्री के लिए आए हैं। आटपाडी पुलिस स्टेशन से डी. बी. टीम के पुलिस सब-इंस्पेक्टर खरात,पुलिस हेड कॉन्स्टेबल 1860 ठोंबरे, पुलिस हेड कॉन्स्टेबल 2055 बोडखे, पुलिस सिपाई 512 सचिन सुर्वे,पुलिस उपनिरीक्षक उदयसिंह देशमुख से जानकारी मिलने के बाद, कडेगांव पुलिस टीम तुरंत आटपाडी के लिए रवाना हुई।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 'मराठी सीखना जरूरी; लेकिन हिंसा नहीं'

हालांकि अब राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मराठी सीखने के लिए 15 अगस्त तक की मोहलत दी है। इस विवाद के बाद मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने मराठी सिखाने के मुद्दे पर महायुति सरकार को घेरते हुए कहा है कि तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गुजरात में स्थानीय भाषा का ज्यादा इस्तेमाल होता है। लेकिन महाराष्ट्र में सरकार के नरम रुख की वजह से समस्या पैदा हुई है। फडणवीस ने आगे कहा कि देश के विकास में महाराष्ट्र एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को महाराष्ट्र को नंबर वन राज्य बनाने के लिए अपना पूरा योगदान देना चाहिए, सीएम ने विश्वास जताया कि विकास के मामले में आने वाले दिनों में महाराष्ट्र न केवल देश का बल्कि पूरी दुनिया में एक मिसाल कायम करेगा।

### मुंबई RTO की बड़ी कार्रवाई

इसके अलावा, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने, क्षमता से अधिक यात्री बैठाने और मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से यात्री परिवहन करने वालों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया गया है। आरटीओ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख चौराहों, हाईवे और टोल प्लाजा पर विशेष चेकिंग अभियान जारी रहेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल जुर्माना वसूलने की तुलना में लाइसेंस निलंबन एक अधिक प्रभावी कदम है, क्योंकि यह आदतन नियम तोड़ने वालों के मन में डर पैदा करता है। हालांकि, जानकारों ने यह भी सुझाव दिया है कि सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार और यातायात कर्मियों की संख्या बढ़ाना भी बेहद जरूरी है। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन का लक्ष्य सख्त सजा और जन-जागरूकता के माध्यम से सड़क हादसों में कमी लाना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे, ताकि मुंबई की सड़कों को पैदल चलने वालों और वाहन चालकों, दोनों के लिए सुरक्षित बनाया जा सके।

### मुंबई : अब छिप नहीं सकेगा नकली पनीर

मेनू, बिल और डिस्प्ले बोर्ड में देनी होगी जानकारी: एक अधिकारी ने बताया कि निर्देश के अनुसार, रेस्तरां, होटल और खानपान सेवा प्रदाता सहित सभी खाद्य व्यवसायियों को अपने मेनू बिल तथा 'डिस्प्ले बोर्ड' पर पनीर के असली होने का या इसके अन्य विकल्प के उपयोग का स्पष्ट रूप से खुलासा करना होगा। उन्होंने कहा कि निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं को ऐसे उत्पादों पर सटीक लेबल लगाने का निर्देश दिया गया है तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### संजय गांधी नेशनल पार्क में बढ़े टिकट रेट

फिलहाल पर्यटकों को टिकट खिड़की पर कतार में खड़ा होना पड़ता है। पर्यटकों का समय बचाने और प्रशासनिक पारदर्शिता लाने के लिए उद्यान ने 'एकीकृत ऑनलाइन टिकट प्रबंधन प्रणाली' शुरू करने का निर्णय लिया है। इस नई प्रणाली से कर्मचारियों पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा, ऐसा प्रशासन का कहना है। मुंबई के बोरीवली स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में सुबह वॉक करने आने वाले सीनियर सिटीजन और आम नागरिकों के लिए प्रस्तावित भारी फीस वृद्धि को लेकर शहर में चिंता और नाराजगी का माहौल बन गया है। वन विभाग द्वारा जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार, मई 2026 से नई दरें लागू की जानी थीं, जिनमें अभूतपूर्व बढ़ोतरी की गई थी। जानकारी के मुताबिक, सीनियर सिटीजन के लिए प्रवेश शुल्क 45 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये तथा अन्य नागरिकों के लिए 383 रुपये बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया था। यह सीनियर सिटीजन के लिए लगभग 11,011 प्रतिशत और अन्य नागरिकों के लिए करीब 2,511 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी थी। पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने वन विभाग और वन मंत्री को पत्र लिखकर इस सर्कुलर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

**अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की दरें इस प्रकार :** कान्हेरी ई-बस सेवा वयस्क 100 रुपये, बच्चे 50 रुपये, बाघ और शेर सफारी वयस्क 250 रुपये, बच्चे 125 रुपये, वनरानी (मिनी ट्रेन) वयस्क 100 रुपये, बच्चे 50 रुपये, बोटिंग 2 सीटर 200 रुपये, 4 सीटर 400 रुपये, साइकिल प्रति घंटा 300 रुपये (जमानत राशि 500 रुपये)।

## खबर संक्षेप

### अनुराग व प्रवेश के भाषण नफरत फैलाने वाले नहीं



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को



नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### कैमरा और सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल



सूरत। देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है।

### ट्रेन में 6.30 करोड़ की ड्रग्स, महिला गिरफ्तार



सूरत। दिल्ली से मुंबई जा रही निजामुद्दीन ट्रेन में ड्रग्स तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। सूरत रेलवे स्टेशन पर एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 6.30 करोड़ की मेथम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद हुई है। वह नासिक की बताई जा रही है और शातिर तरीके से ड्रग्स को छिपाकर यात्रा कर रही थी।

### सरमा ने कहा, अभद्र लोग नहीं समझते प्यार की भाषा

# असम के सीएम के बयान से बांग्लादेश को लगी मिर्ची, उच्चायुक्त को तलब कर जताया

संवाददाता / नई दिल्ली





डेढ़ साल से अधिक के तनाव के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में नए सरकार बनने के साथ ही भारत और बांग्लादेश के संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के आसार नजर आ ही रहे थे कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का 'एक्स' पर एक ऐसा पोस्ट सामने आ गया। जिसने बनी बनाई बात बिगाड़ दी। बांग्लादेश इतना नाराज हुआ कि उसने बीते गुरुवार को भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बढ़े को तलब कर मामले में औपचारिक रूप से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। यह जानकारी कुछ बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है।

#### असम सीएम के पोस्ट के मायने

सरमा ने पिछले सप्ताह एक्स पोस्ट में लिखा, असम में 20 विदेशी नागरिक पकड़े गए और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा गया है। अभद्र लोग नरमी की भाषा को नहीं समझते हैं। लेकिन हम असम से इन घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए लगातार इस बात को अपने ध्यान में रखते हैं। यह वो लोग हैं जो अपने आप बाहर जाने को तैयार नहीं हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का यह बयान सूबे में जारी विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर बांग्लादेश ने खासी नाराजगी जताई है।

#### अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

पड़ोसी देश की दक्षिण-एशिया मामलों की महानिदेशक इशरत जहां ने भारत के राजनयिक पवन बढ़े से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने यह साफ कर दिया कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाजी न केवल हमारे देश के लिए अपमानजनक है।यह दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की भावना के मद्देनजर भी हितकर नहीं है। सार्वजनिक रूप से संवेदनशील द्विपक्षीय मसलों पर कोई भी टिप्पणी करते वक्त संयम बरतना चाहिए।

#### हसीना का देश निकाला बना टर्निंग पॉइंट

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में बांग्लादेश में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को जबरन पड़ोसी देश की सत्ता से बेदखल करने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तल्खी आ गई थी। हसीना वर्तमान में भारत में राजनीतिक शरण लेकर रह रही हैं। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बाद ढाका में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में गठित की गई अंतरिम सरकार के करीब 18 महीने के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंध बुरी से प्रभावित हुए। लेकिन इस साल फरवरी महीने में हुए संसदीय चुनाव के बाद पड़ोसी देश में बनी तारिक रहमान की अगुवाई वाली बीएनपी की नई सरकार के बाद से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में भी सुधार आने की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन अब असम के मुख्यमंत्री के उक्त पोस्ट के सामने आने के बाद इस संबंध में बनी उम्मीद कुछ धूमिल पड़ती हुई नजर आ रही है।

### वित्तीय अपराधों के खिलाफ राष्ट्र की ढाल है ईडी : पंकज चौधरी

नई दिल्ली। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को वित्तीय अपराधों के खिलाफ देश की सुरक्षा कवच बताते हुए कहा कि ईडी राष्ट्र को आर्थिक अपराधों से बचाने वाली एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ईडी के 70वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पंकज चौधरी ने कहा कि ईडी को दिए गए अधिकार किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि मनी लॉनड्रिंग, हवाला लेनदेन, बेनामी संपत्तियों और कॉरपोरेट धोखाधड़ी जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपराध देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिक दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, इसलिए इनके खिलाफ सख्त प्रवर्तन आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 31 मार्च तक ईडी ने लगभग 2.36 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं। इनमें से 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंकों, निवेशकों और घर खरीदारों सहित वास्तविक हकदारों को वापस लौटाई जा चुकी है। उन्होंने इसे एजेंसी की प्रभावी कार्यशैली और जवाबदेही का प्रमाण बताया।

वित्त राज्य मंत्री ने उभरती चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन वित्तीय अपराध तेजी से बढ़ती चिंता का विषय बन रहे हैं। उन्होंने इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के बीच और मजबूत समन्वय तथा सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर जोनल कार्यालय का भी उद्घाटन किया।

### सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

## देश में फिर हो गई महंगाई भारी अब पेट्रोल व डीजल की बारी

### राहुल बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर



संवाददाता / नई दिल्ली

व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। कामर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।कामर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।

#### हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा

राहुल ने एक्स पर लिखा, कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कामर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। दूसरी ओर मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### राहुल के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज होगा और न ही कोई कानूनी कार्यवाही चलेगी।

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फिर एक नया दावा

# ईरान समझौता करने को बेताब, युद्धविराम तोड़ने की जरूरत नहीं, परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट की

*ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है*

संवाददाता / नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है। उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष-विराम तोड़ने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। ट्रंप ने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। हमने ईरान की परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार कभी नहीं बनाने दिया जाएगा।

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया

होर्मुज की नाकेबंदी से ईरान को तेल से आय नहीं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

#### ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराई

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) बहुत प्रभावी साबित हुई है। ईरान को तेल से कोई आय नहीं हो रही है और उसकी अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि स्टॉक मार्केट नई ऊंचाई पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब डॉव 50,000 और एसएंडपी 7,000 के पार पहुंचा तो उन्होंने सोचा कि अब ईरान के मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

#### मेरी एक कॉल से रुकी 8 महिलाओं की फांसी

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आठ महिलाओं को फांसी देने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उन्होंने फोन पर हस्तक्षेप किया और उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा- ऐसा मत करो, पूरी दुनिया देख रही है। मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप का आरोप है कि ईरान में पिछले दो महीनों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया। उन्होंने कहा कि ये लोग निहत्थे थे और सिर्फ विरोध करने के लिए मारे गए। उन्होंने कहा कि अब मैं किसी न किसी तरह से उस देश को बचाने की कोशिश कर रहा हूं। यह एक क्रूर समूह है, लेकिन हमने उन्हें पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

### ईरान पर नए हमले की तैयारी में अमेरिका?

#### इजराइल भेजा 6500 टन गोला-बारूद और खाना



अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध की तैयारी कर रही है। दरअसल अमेरिकी नौसेना अपने जहाजों के माध्यम से पश्चिम एशिया में ईंधन, खाना, हथियार और बाकी जरूरी सामान भेज रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी है। कुछ तस्वीरों में लिखा गया है कि गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस डेलबर्ट डी ब्लैक पर ईंधन, खाना, हथियार और जरूरी सप्लाई लोड की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 6 हजार टन से ज्यादा गोला बारूद और हथियार इजराइल भेजे हैं। इससे आशंका गहरा गई है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ फिर से युद्ध शुरू कर सकता है। इजराइली मीडिया के अनुसार, दो कार्गो जहाज और कई विमान 6500 टन गोला बारूद, मिलिट्री ट्रक, जॉइंट लाइट टेक्टिकल व्हीकल और अन्य हथियार लेकर इजराइल पहुंचे हैं। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने इजराइल 1,15,600 टन गोला बारूद, हथियार भेजे हैं।

#### दावा: अराघची को हटाने की तैयारी में पेजेशकियान



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ कथित तौर पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दोनों नेताओं ने अरागची पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद की अनदेखी करते हुए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के निर्देशों का पालन किया है। अराघची ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी के एक सहायक के तौर पर ज्यादा काम किया है। वे वाहिदी के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रहे हैं और कथित तौर पर राष्ट्रपति पेजेशकियान को सूचित किए बिना उनके निर्देशों पर आधारित नीतियों को लागू कर रहे हैं। राष्ट्रपति को लगता है कि संवेदनशील कूटनीतिक दांव-पेचों के दौरान विदेश मंत्री के सैन्य कमान की ओर झुकने से उनकी स्थिति कमजोर हुई है।

#### तुर्किये 'अगला ईरान': बेनेट



इजराइल-ईरान और अमेरिका के बीच दो दौर के युद्ध के बाद तुर्किये ने अपनी एयर डिफेंस, मानव रहित प्लेटफॉर्म और पांचवीं पीढ़ी के कान फाइटर जेट प्रोजेक्ट में तेजी ला दी है। इजराइल में सरकार और विपक्ष दोनों के नेता अपने बयानों में लगातार तुर्किये की तुलना ईरान से करने लगे हैं। इजराइल के लोकप्रिय विपक्षी नेता नाफ्ताली बेनेट जो अगले पीएम बन सकते हैं, ने अमेरिका में एक सम्मेलन में कहा कि तुर्किये 'अगला ईरान' है।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया ऐलान

## 15 जून से शुरू होंगी इंडिगो की उड़ानें, शुरुआत में 17 फ्लाइट्स

इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया के प्रस्ताव



संवाददाता / नई दिल्ली

इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए जानकारी दी है कि यहां से 15 जून 2026 से व्यावसायिक विमान सेवाएं शुरू होंगी। पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके तुरंत बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे।

#### करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके

एयरपोर्ट प्रबंधन जून के मध्य तक उड़ान शुरू होने की बात कह रहा है। यीडा व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल सेवाएं शुरू हो सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास यापल और नायल के स्तर पर किया जा रहा है।उड़ान शुरू करने के लिए वर्तमान में करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके हैं। इससे कमोबेश सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान यहां से शुरू होनी हैं। इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेसवे के भी प्रस्ताव इन उड़ान के लिए हैं।

### आरोप मुक्त होने पर ईडी किसी केस को बंद न करे: राजू



नई दिल्ली। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए। राजू की ये बातें दिल्ली शराब नीति मामले से जोड़ कर देखी जा रही है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर किया स्नान



हरिद्वार। शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी के किनारे भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने स्नान किया। सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे।

# ऑस्ट्रेलिया का नया नियम: गूगल और मेटा को चुकाने होंगे न्यूज के पैसे

### सोशल मीडिया पर न्यूज दिखाएं या नहीं, मीडिया कंपनियों को भुगतान करना पड़ेगा

संवाददाता / नई दिल्ली

हम सब रोज गूगल और फेसबुक (मेटा) पर खबरें पढ़ते हैं। इन खबरों के दम पर बड़ी टेक कंपनियां यूजर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर बनाए रखती हैं और खूब मुनाफा कमाती हैं। लेकिन, दिन-रात मेहनत करके इन खबरों को तैयार करने वाले पत्रकारों और मीडिया हाउसेस को उनका सही हिस्सा अक्सर नहीं मिल पाता। इसी नाइंसाफी को खत्म करने के लिए ऑस्ट्रेलियन सरकार ने इस हफ्ते एक नया नियम पेश किया है, जिसका नाम है- 'न्यूज बार्गेनिंग इन्सेंटिव'।

#### पुराने कानून के तहत 1 बिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया था



सर्च इंजन और सोशल मीडिया को इंगेजमेंट के लिए न्यूज चाहिए थी और सोशल मीडिया कंपनियां इसे मुफ्त में उठा रहे थे। वहीं मीडिया कंपनियों की मजबूरी थी कि उन्हें अपनी रीच बढ़ाने के लिए इन बड़े प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर रहना पड़ता था। जब सरकार ने पहली बार यह कानून बनाकर टेक कंपनियों से न्यूज के पैसे मांगने की बात कही तो गूगल और मेटा ने न्यूज कंटेट ही गायब कर दिए। सरकार ने थोड़ी ढील देते हुए शर्त रखी कि अगर ये टेक कंपनियां खुद आगे आकर मीडिया हाउसेस के साथ कमर्शियल डील कर लेंगी तो उन पर कानून की सख्त धाराएं नहीं लगाई जाएंगी। इसके कारण महज 6 महीने के भीतर ही धड़ाधड़ कई डील्स फाइनल हो गईं। इस पुराने कानून के तहत 5 वर्षों के भीतर मीडिया कंपनियों को 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा का भुगतान किया गया। इसका फायदा सिर्फ बड़े मीडिया घरानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटी न्यूज कंपनियों को भी उनके हक का पैसा मिला।

#### *नया कानून पुराने से सख्त*

*यह कानून पुराने वाले से कहीं ज्यादा स्मार्ट और सख्त है। अब टेक कंपनियां न्यूज हटाकर बच नहीं पाएंगी। नया नियम साफ कहता है कि चाहे वे अपने प्लेटफॉर्म पर न्यूज दिखाना जारी रखें या उसे पूरी तरह से ब्लॉक कर दें, उन्हें मीडिया कंपनियों को भुगतान तो करना ही पड़ेगा। साथ ही, अब इन कंपनियों को हर एक छोटे-बड़े मीडिया हाउस के साथ अलग-अलग मध्यस्थता करने की जरूरत नहीं है। अगर वे कम से कम चार मुख्य कंपनियों के साथ भी समझौते कर लेते हैं, तो सरकार इसे पर्याप्त मान लेगी।*

#### *डील नहीं मानी तो लगेगा भारी जुर्माना*

*इन नियमों को अनसुना करने या डील करने में आनाकानी करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर सख्त आर्थिक डंडा चलेगा। नियमों की अनदेखी करने पर कंपनियों को उनकी अनुमानित डील वैल्यू से 50% अधिक रकम पेनाल्टी (जुर्माने) के तौर पर चुकानी होगी।*

# वनप्लस ने लॉन्च किया OnePlus Pad 4, कीमत ₹54,999 से शुरू

**मुंबई।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड OnePlus ने अपना नया फ्लैगशिप टैबलेट OnePlus Pad 4 लॉन्च कर दिया है। कंपनी के अनुसार यह टैबलेट प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और एंटरटेनमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। OnePlus Pad 4 में Snapdragon 8 Elite Gen 5 प्रोसेसर दिया गया है, जो 12GB RAM और 512GB तक स्टोरेज के साथ आता है। कंपनी का दावा है कि यह अब तक का सबसे पावरफुल OnePlus टैबलेट है, जो गेमिंग, वीडियो एडिटिंग और मल्टीटास्किंग में शानदार परफॉर्मेंस देगा। इस टैबलेट में 13.2 इंच का 3.4K अल्ट्रा-क्लियर डिस्प्ले दिया गया है, जिसमें 144Hz रिफ्रेश रेट, Dolby Vision सपोर्ट और 1000 निट्स ब्राइटनेस मिलती है। इसके अलावा 8-स्पीकर स्पैशियल ऑडियो सिस्टम यूजर्स को बेहतरीन साउंड अनुभव देगा। बैटरी की बात करें तो इसमें 13,380mAh की बड़ी बैटरी दी गई है, जो लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए उपयुक्त है। साथ ही 80W SuperVOOC फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी मिलता है, जिससे टैबलेट तेजी से चार्ज होगा। यह टैबलेट OxygenOS 16 पर काम करता है, जिसमें AI Writer, AI Summary, AI Translate, AI Recorder और AI Painter जैसे स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। इससे काम करना और कंटेंट बनाना पहले से आसान होगा।




डिजाइन की बात करें तो टैबलेट की मोटाई सिर्फ 5.94mm और वजन 672 ग्राम है। यह Dune Glow और Sage Mist रंगों में उपलब्ध होगा। OnePlus Pad 4 की शुरुआती कीमत 54,999 रखी गई है। इसकी बिक्री 5 मई 2026 से शुरू होगी और ग्राहकों को बैंक ऑफर्स का लाभ भी मिलेगा।

# फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल ने घोषणा की कि आई.क्यू.ओ.एस को यू.एस. एफडीए ने फिर से मोडिफाईड रिस्क टोबैको प्रोडक्ट के रूप में अधिकृत किया

**मुंबई।** यू.एस. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने पीएमआई को मोडिफाइड रिस्क टोबैको प्रोडक्ट (एम.आर.टी.पी) के लिए पहले दी गई मंजूरी को दोबारा रिन्यू कर दिया है। कंपनी इस मंजूरी के तहत आई.क्यू.ओ.एस डिवाईस के दो संस्करण और टोबैको उपभोग्य उत्पाद के तीन वैरिएंट बनाती है, जो हीट्स ब्रांड के अंतर्गत बेचे जाते हैं। इन रिन्युअल द्वारा पीएमआई को उन 21 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों को कम जोखिम वाले संपर्क की जानकारी देते हुए इन उत्पादों की जानकारी साझा करने की अनुमतिमिल गई है, जो सिगरेट जैसे पारंपरिक तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हैं। एजेंसी के मुताबिक आई.क्यू.ओ.एस और हीट्स एम.आर.टी.पी अधिकारों का रिन्युअल जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में उचित कदम है। इससे पूरी आबादी के स्वास्थ्य को लाभ होगा, जिनमें वो लोग भी शामिल हैं, जो तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हैं, और वो भी शामिल हैं, जो वर्तमान में इनका सेवन नहीं करते। स्टेसी केनेडी, सीईओ, पीएमआई यू.एस ने कहा, ''पीएमआई एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने अमेरिका में हीटेड तंबाकू उत्पाद के लिए एम.आर.टी.पी अधिकार की मंजूरी प्राप्त की और उसे बनाकर रखा है। हमें विश्वास है कि हमारे विज्ञान पर आधारित विकल्प व्यस्क धूम्रपान करने वालों को पारंपरिक सिगरेट से दूर रहने में मदद कर सकते हैं। एफडीए का यह निर्णय आई.क्यू.ओ.एस के सपोर्ट में मजबूत वैज्ञानिक आधार तथा व्यस्क उपभोक्ताओं को धूम्रपानरहित विकल्प जिम्मेदारीपूर्वक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। एफडीए ने आई.क्यू.ओ.एस के लिए एम.आर.टी.पी रिन्युअल ऑर्डर जारी करते हुए कहा कि, ''बीमारी होने की संभावना, उसके फैलने और नियंत्रण बारे लंबे समय तक किए गए अध्ययन के बिना अभी तक जो भी प्रमाण उपलब्ध हुए हैं, उनसे प्रदर्शित होता है कि तंबाकू उपयोग करने वाले व्यक्तियों की बीमारी और मृत्यु दर में ठोस और बड़ी कमी आने की संभावना है।'' आईक्यूओएस 2.4 सिस्टम पहला हीटेड टोबैको प्रोडक्ट था, जिसे साल 2020 में एफडीए की एमआरटीपी प्रक्रिया द्वारा ''जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उचित'' कहकर अधिकृत किया गया था।

**कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल हो गई**

**तेल में हल्की गिरावट आई थी तब 110 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी**

### पिछले चार साल से पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर है

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं: सरकारी सूत्र

मुंबई हलचल / मुंबई

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चार साल से खुदरा कीमतें स्थिर रहने से बढ़ते घाटे के बीच सरकारी सूत्रों ने निकट भविष्य में पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि बदले हुए हालात में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें हल्की गिरावट आई है, फिर भी कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेलवाहक जहाजों की आवाजाही पर असर और ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण स्थिति अनिश्चित बनी हुई है।

### ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाएं

इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने पेट्रोलियम उद्योग की तरफ से जारी एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक डीजल, पांच किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को बेचे जाने वाले विमान ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाए हैं।



### पेट्रोल की कीमतों में 28 रुपए प्रति बैरल की लागत आ रही

विश्लेषकों ने पहले यह आशंका जताई थी कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतदान 29 अप्रैल को समाप्त होने के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 रुपये से लेकर 28 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर है।

### तेल बाजार में उथल-पुथल का दौर



अमेरिका एवं इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और इसके जवाब में ईरान की कार्रवाई के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में उथल-पुथल का दौर चल रहा है। इस घटनाक्रम के कारण वैश्विक तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा संभालने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित हुई है।

### *डीजल पर 100 रुपए का नुकसान*

*पिछले सप्ताह पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि खुदरा कीमतें लगभग चार साल से स्थिर रहने से सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।*

### *पिछले साल कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल रहा*

*हालांकि, उस समय कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं बताई गई थी। पिछले वर्ष कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस महीने 114 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है।*

# रंग निखारने से स्किन को जवां रखने तक, मलाई है इतनी फायदेमंद



अधिकतर लोग जानते हैं कि मलाई सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है। कुछ लोगों को इसका स्वाद बेहद पसंद आता है, तो वहीं कुछ लोग इसमें मौजूद ज्यादा फैट की वजह से इसके सेवन से बचते हैं। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी सेहत के लिए फायदेमंद मलाई स्किन को खूबसूरत बनाने में भी बेहद लाभकारी होती है।

➤➤ दूध में मौजूद परत जिसे मलाई कहते हैं, वे स्किन के लिए बेस्ट मॉइस्चराइजर के तौर पर काम करती है। कुछ मिनटों तक चेहरे पर मलाई से मसाज करने से स्किन के डैमेज टीश्यूज रिपेयर हो जाते हैं, जिससे स्किन हेल्दी बनती है।

➤➤ मलाई सिर्फ स्किन को मॉइस्चराइज ही नहीं करती है, बल्कि इससे चेहरे पर ग्लो भी आता है। इसके लिए मलाई में थोड़ा सा शहद मिक्स कर के चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन पर चमक आएगी।

➤➤ आपको जानकर हैरानी होगी कि मलाई त्वचा की रंगत को भी निखारती है। मलाई में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पर मौजूद टेनिंग को दूर कर के स्किन को नेचुरल तरीके से निखारती है।

➤➤ कुछ लोगों के चेहरे पर अधिक काले धब्बे होते हैं, जिनपर कई महंगी क्रीम भी असर नहीं करती हैं। लेकिन अब आप अपने धब्बों से राहत पा सकते हैं। इसके लिए धब्बों पर मलाई लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जल्दी असर चाहती हैं तो मलाई में थोड़ा सा नींबू का रस मिला कर लगाएं। मलाई के सूखने पर ताजे पानी से मुंह धो लें। जल्दी फर्क नजर आने लगेगा।

➤➤ रोजाना चेहरे पर मलाई लगाने से चेहरा लंबे समय तक जवां रहता है। मलाई में मौजूद प्रोटीन और विटामिन स्किन में कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे स्किन जवां बनी रहती है।

# क्यों फायदेमंद है आपके लिए हरी मिर्च और क्या हैं इसके लाभ

ज्यादा तीखा या मसालेदार खाना खाने से आपको सीने और पेट में जलन के साथ ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यदि आप हरी मिर्च का सेवन करते हैं, तो तीखे स्वाद का लुत्फ उठा सकते हैं। हरी मिर्च में कई पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाईड्रेट मौजूद होते हैं। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन और क्रीप्टोक्सान्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें भी मौजूद हैं। जानते हैं हरी मिर्च खाने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं...

**➤➤हरी मिर्च के फायदे**

तीखी हरी मिर्च का सेवन सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है। ये त्वचा से लेकर शरीर के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करती हैं। रोजाना हरी मिर्च का सेवन करने से सेहत दुरुस्त रहती है। हरी मिर्च में कैप्सियासिन नामक यौगिक मौजूद होता है, जो इसे मसालेदार बनाता है। मिर्च खाने से खून साफ होता है और नसों में खून का फ्लो तेजी से होता है, जिससे चेहरे पर पिंपल्स की समस्या नहीं होती। मिर्च में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी और विटामिन ई पाया जाता है।

**➤➤एंटी एंटीऑक्सीडेंट से है भरपूर**

लाल मिर्च केवल हमारी जीभ को ही संतुष्ट नहीं करती है बल्कि हमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी देती है। आप अपने आहार में चाहे हरी मिर्च का सेवन करें या लाल मिर्च का सेवन करें, दोनों में ही भरपूर मात्रा में एंटी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो भरपूर खाद्य पदार्थ ऑक्सीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने में मदद करते हैं जिससे कोशिकाएं स्वस्थ होती हैं।

**➤➤ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है**

जिस व्यक्ति का ब्लड सकुर्लेशन जितना अच्छा होगा उसका इम्यूनिटी लेवल उतना ही मजबूत होता है। हमारे पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। चाहे लाल हो या हरी मिर्च उसमें इतनी क्षमता होती है कि उसके सेवन से हमारा ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और हम स्वस्थ रहते हैं।

**➤➤इम्युनिटी मजबूत होती है**

मिर्च में मौजूद विटामिन सी, फ्लेवेनॉइड्स, पोटेशियम और मैंगनीज लाभदायक है। जिस व्यक्ति का इम्यून सिस्टम जितना मजबूत होगा वह उतना ही स्वस्थ रहता है। इम्युनिटी सिस्टम यानि रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने का काम भी ब्लड ही करता है। एक सीमित मात्रा में लाल या हरी मिर्च का सेवन करने से इम्यून सिस्टम काफी मजबूत होता है।

**➤➤कैंसर का खतरा कम करती है**

हरी मिर्च खाने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। मर्दों को हरी मिर्च खानी चाहिए क्योंकि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का खतरा रहता है। वैज्ञानिक शोधों ने यह साबित किया है कि हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है।

**➤➤त्वचा**

हरी मिर्च या फिर शिमला मिर्च में आकपो काफी ज्यादा विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट मिल जाएगा। एंटीऑक्सीडेंट हमारी त्वचा और सेहत के लिये बहुत अच्छा माना जाता है। मिर्च खाने से चेहरे पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ेंगी। हरी मिर्च में बहुत सारा विटामिन ई होता है जो कि त्वचा के लिये फायदेमंद प्राकृतिक तेल का प्रोडक्शन करता है। तो अगर आप तीखा खाना खाती हैं तो आपकी त्वचा अपने आप ही अच्छी हो जाएगी।



**➤➤बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव**

हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कि संक्रमण को दूर रखते हैं। हरी मिर्च को खाने से आपको स्किन रोग नहीं होगा महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी हो जाती है लेकिन अगर आप हरी मिर्च खाने के साथ रोज खाएंगी तो आपकी यह कमी भी पूरी हो जाएगी।

**➤➤आंखों की रोशनी**

हरी मिर्च में कई तरह के पोषक तत्व तो मौजूद होते ही हैं। साथ ही हरी मिर्च खाने से आंखों की रोशनी भी तेज होती है। हमेशा कोशिश करें कि खाने में लाल मिर्च को शामिल करने के बजाए हरी मिर्च का इस्तेमाल करें।

**➤➤दर्द कम करे, दमे, साइनस में मददगार**

हरी ताजी मिर्च का एक चम्मच रस शहद में मिलाकर खाली पेट खाने से दमे के रोगी को राहत मिलती है। इस का प्रयोग दस दिनों तक करने से लाभ होगा। वहीं, हरी मिर्च खाने से गर्मी निकलती है, दो प्रभावी दर्दनिवारक का काम करती है। इसमें कैप्सेइसिन मौजूद होता है, जो नाक में रक्त प्रवाह को आसान बनाता है। इससे सर्दी और सायनस की समस्या में राहत मिलती है।

**➤➤वजन घटाता है**

हरी मिर्च में कैलोरीज कम होती है। यह शरीर में अतिरिक्त फैट को बर्न करने में सहायता करती है और वजन पर नियंत्रण रखने में भी सहायक होती है। मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलेस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं। हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।

# चेहरे के लिए आर्गन ऑयल से बढ़िया कुछ नहीं



इसमें कोई शक नहीं है कि आपके बालों के लिए आर्गन ऑयल जादू की तरह काम करता है। लेकिन इसके फायदे केवल बालों तक सीमित नहीं है। अगर आप अपनी त्वचा की ठीक तरीके से देखभाल करना चाहते हैं तो आर्गन ऑयल से बेहतर कोई और विकल्प नहीं है।

आर्गन ऑयल आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज करता है। इस तेल में विटामिन ई, एंटीऑक्सिडेंट और ओमेगा फैटी एसिड्स मौजूद होते हैं। एक एक्सपर्ट के मुताबिक, आर्गन ऑयल आपकी तव्चा के लिए सबसे बेहतर सुपरफूड है। अगर आपको अपनी त्वचा बहुत ऑयली लगती है और किसी ग्रीस की दुकान की तरह नजर आने लगती है तो आपको बता दें कि यह तेल बहुत ही लाइट होता है। त्वचा इसे जल्द ही सोख लेती है।

आर्गन तेल अल्ट्रा-हाइड्रेटिंग और प्राकृतिक है। यह आपकी एक्स्ट्रा ड्राई और डैमेज स्किन को आसानी से ठीक करता है और बहुत जल्दी अवशोषित हो जाता है। इससे आपकी त्वचा में जलन भी नहीं होती है और साथ ही इसमें एक्जिमा, सोरायसिस, सूजन, और रोजेसिया जैसे त्वचा रोगों को नियंत्रित करने की शक्ति होती है। त्वचा को ऑयली बनाने के बजाए यह त्वचा से प्राकृतिक रूप से निकले तेल की मात्रा को भी नियंत्रित करता है।

आपकी आंखों के नीचे झुरिया पड़ी होती है। यह बहुत ही संवेदनशील हिस्सा होता है। यहां कुछ भी लगाने से जलन होने लगती है लेकिन आर्गन ऑयल के इस्तेमाल के साथ ऐसा नहीं है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक है और आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह आपको जल्द उम्रदराज लगने से बचाता है।

आपकी त्वचा के लिए आर्गन ऑयल कितना फायदेमंद है, यह तो हम बता ही चुके हैं लेकिन यह लिप्स के लिए भी उतना ही असरदार है। सर्दियों में लिप्स पर आर्गन ऑयल लगाने से लिप बाम का काम अपने आप हो जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पूजा ने 'रेट्रो' के सेट के खतरनाक किस्से सुनाए

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े की तमिल रोमांटिक-एक्शन फिल्म रेट्रो ने रिलीज के एक साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर पूजा हेगड़े ने फिल्म से जुड़ी कई दिलचस्प और हैरान कर देने वाली यादें फैंस के साथ शेयर कीं। सोशल मीडिया पर पूजा हेगड़े की पोस्ट ने एक बार फिर इस फिल्म को चर्चा में ला दिया है। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से जुड़ी कुछ बीटीएस तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए बताया कि 'रेट्रो' की शूटिंग किसी एडवेंचर से कम नहीं थी। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान कई बार तूफानों का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, इस दौरान उनका लिगामेंट भी फट गया था, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। उन्होंने लिखा कि चारों तरफ कीचड़ और फिसलन थी, लेकिन इसके बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी और काम जारी रखा। पूजा ने एक और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि शूटिंग के दौरान उनकी नाव में आग लग गई थी। इस घटना को याद करते हुए उन्होंने अपने को-स्टार सूर्या की तारीफ की और कहा कि उस मुश्किल समय में उन्होंने हीरो की तरह स्थिति को संभाला। इतना ही नहीं, एक लोकेशन ऐसी भी थी जहां चारों तरफ सांपों का डेरा था। ऐसे खतरनाक माहौल में शूटिंग करना पूरी टीम के लिए बड़ी चुनौती थी। हालांकि, इन सभी कठिनाइयों के बावजूद पूजा हेगड़े ने कहा कि सेट का माहौल बेहद पॉजिटिव और खुशहाल था। उन्होंने बताया कि पूरी टीम एक परिवार की तरह काम कर रही थी और सभी के बीच अच्छा तालमेल था। पूजा ने कहा कि जब आप सही लोगों के साथ काम करते हैं, तो सबसे मुश्किल दिन भी आसान लगने लगते हैं। हम सब कुछ दिल से और सिनेमा के प्रति प्यार के लिए बना रहे थे।





# रितेश देशमुख ने आशा भोसले को याद कर शेयर की भावुक यादें

**संगीत** जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले की यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। हाल ही में रियलिटी शो इंडियन आइडल के आगामी एपिसोड में एक्टर रितेश देशमुख उन्हें याद करते हुए बेहद भावुक नजर आए। इस खास मौके पर रितेश देशमुख ने न सिर्फ उन्हें श्रद्धांजलि दी, बल्कि उनके साथ बिताए कई निजी और भावुक पलों को भी शेयर किया। रितेश देशमुख ने बताया कि उनका और आशा भोसले का रिश्ता बेहद खास था। गायिका के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए रितेश ने बताया कि जब भी वह मुझसे मिलती थीं, तो वह मेरे सिर पर एक मां की तरह हाथ फेरती थीं। वह अपने बच्चे की तरह दुलारती थीं। मैं उन्हें हमेशा 'आशा आई' कहकर पुकारता था और आज भी उन्हें इसी नाम से याद करता हूं। एक्टर की बातों से साफ झलक रहा था कि आशा भोसले सिर्फ एक महान गायिका ही नहीं बल्कि एक स्नेहमयी व्यक्तित्व भी थीं, जिन्होंने अपने आसपास के लोगों को हमेशा प्यार और अपनापन दिया।

# अनिल ने खोला राज

**बॉलीवुड** एक्टर अनिल कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'सूबेदार' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में अभिनेता के एक्शन और अग्रेशन ने फैंस का दिल पूरी तरह से जीत लिया है लेकिन इसी बीच अभिनेता ने अपनी फिल्म और किरदारों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि फिल्म वेलकम में 'मजनू भाई' के किरदार के लिए उन्होंने वर्षों पहले तैयारी कर ली थी।

अनिल कपूर अपने हर किरदार को पूरी शिद्दत के साथ निभाते हैं और किरदार को पर्दे पर जीवंत करने के लिए पूरी जान लगा देते हैं। यही कारण है कि उनके द्वारा निभाए गए किरदार वर्षों तक उनके जेहन में जिंदा होते हैं और मौके पर उन्हीं किरदारों में बदलाव करके वह पर्दे पर नया किरदार निभाते हैं। ऐसा ही उन्होंने 1990 की फिल्म 'आवारगी' के गैंगस्टर के किरदार के साथ किया, जिसने उन्हें वेलकम में मजनू भाई बनने की प्रेरणा दी।

एक यूजर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए अनिल कपूर ने लिखा कि आवारगी शायद मेरी सबसे चर्चित फिल्म न रही हो, लेकिन यह किरदार मेरे दिल से कभी नहीं निकला। सालों बाद वही किरदार मजनू भाई के पीछे प्रेरणा बनकर लौटा, बस थोड़ा हल्के अंदाज में। कंधे झुकाने का तरीका, हाव-भाव, पागलपन, पहले महेश भट्ट की दुनिया में, बाद में अनीस बज़्मी के अंदाज में जिंदगी का चक्र पूरा होता है। 'आवारगी' में अनिल कपूर का किरदार खतरनाक गैंगस्टर का था, जो अपने उसूलों के खिलाफ जाकर वेश्यालय से मीनाक्षी शेषाद्री को बचाता है। आवारगी एक लव-ट्राएंगल बन जाती है, क्योंकि गोविंदा भी मीनाक्षी से प्यार करते हैं। इस फिल्म में अभिनेता के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया गया था, क्योंकि पर्दे पर कॉमेडी और रोमांस करने अनिल कपूर को दर्शकों ने पहली बार खतरनाक गैंगस्टर के निगेटिव किरदार में देखा गया था। वहीं फिल्म 'वेलकम' का सीन भी कुछ ऐसा ही है। फिल्म में अभिनेता गैंगस्टर बने हैं, लेकिन उनके किरदार में कॉमेडी का तड़का है। साथ ही वह मल्लिका शेरावत से प्यार कर बैठते हैं, जिससे गैंगस्टर उदय शेट्टी यानी नाना पाटेकर का भी दिल लगा है।

